# मां बैन गंगा उद्गम स्थल से निकली भव्य कावड़ यात्रा

### हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा क्षेत्र, मुंडारा-परतापुर से बादलपार तक उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों युवा एवं मातृशक्ति ने लिया हिस्सा

**सिवनी/कुरई नवभारत। मां बैन गंगा के उद्गम स्थल मुंडारा-परतापुर से गुरुवार को विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में युवा साथियों एवं मातृशक्ति ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ सहभागिता की। भगवा ध्वजों से सजे यात्रा मार्ग पर हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया।**

कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु डीजे की भक्तिमय धुनों पर नाचते-झूमते हुए आगे बढ़े। श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था और भक्ति देखने को मिली। यात्रा का समापन ग्राम बादलपार स्थित शंकर मड़िया मंदिर में हुआ, जहां कांवड़ियों ने मां बैन गंगा का पवित्र जल भगवान भोलेनाथ को अर्पित कर जलाभिषेक किया।

इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण और हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयघोष से गूंजता रहा।



भव्य कावड़ यात्रा ने एक ओर जहां धार्मिक आस्था और भक्ति की अनुपम झलक प्रस्तुत की, वहीं दूसरी ओर सनातन संस्कृति और परंपराओं के प्रति युवाओं एवं मातृशक्ति की बढ़ती सहभागिता का संदेश भी दिया।

## कान्हीवाड़ा से दिघोरी धाम तक निकली कावड़ यात्रा

**कान्हीवाड़ा नवभारत।** बीते तीन वर्षों की भांति इस वर्ष भी सावन के तृतीय सोमवार को भगवान भोलेनाथ जी की असीम कृपा से कान्हीवाड़ा के युवकों द्वारा विशाल कावड़ यात्रा निकाली जो कान्हीवाड़ा सागर नदी का पवित्र जल लेकर नदी तट पर स्तिथ शिव मंदिर में विधि अनुसार पूजन पाठ कर भोले नाथ को जल अर्पित कर सुबह 7-30 बजे यह यात्रा प्रारंभ हुई जो बम्हनी, मलांजपुर, जठलापुर, मुंडरई, कुडो, बम्हेड़ी, बलारपुर, राहीवारा होते दिघोरी धाम 3 बजे के लगभग पहुंचे जहां पूज्य शंकराचार्थ जी महाराज द्वारा गुरु रत्नेश्वर धाम दिघोरी में विश्व के सवसे बड़े स्फटिक शिवलिंग की स्थापना की पर भक्तों ने सागर नदी के पवित्र जल से विधि अनुसार पूजन पाठ कर जलाभिष्क किया ओर देश , प्रदेश सहित संपूर्ण जीवजगत की खुशहाली के लिए मंगलकामान की ओर प्रसाद वितरण किया । कावड़ यात्रीयो का जगह जगह ग्राम वाशियो स्वागत किया ओर फल आदि भेट किए। कावड़ यात्रा में लगभग 110 से अधिक बंधु सम्लित हुए जी जिनमें बच्चे, युवक सब समलित हुए। यह यात्रा हिंदू उत्सव समिति , सकल हिंदू समाज, सकल नगरवासियों के सहयोग से प्रारंभ हुई जो चतुर्थ वर्ष में भी निकाली गई ओर सकुशल सम्पन्न हुई।



# आदिवासी किसानों के लिए स्वदेशी मधुमक्खी पालन का हुआ शुभारंभ, कार्यशाला का किया गया आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 20 अगस्त, जलवायु परिवर्तन के दौर में आदिवासी लघु किसानों की आजीविका को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की जा रही है। नाबार्ड के सहयोग से और अंडर द मैंगो ट्री सोसायटी द्वारा स्वदेशी मधुमक्खियों के साथ सतत मधुमक्खी पालन के माध्यम से जलवायु अनुकूल आजीविका निर्माण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।**



यह कार्यशाला से जुन्नारदेव विकासखंड के आदिवासी 200 किसानों को स्वदेशी मधुमक्खियों के संरक्षण, समवर्धन और वैज्ञानिक तरीके से शहद उत्पादन का प्रशिक्षण देगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता को सुनिश्चित करेगी। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एरिया लीड मैनेजर और नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक (डीडीएम) श्वेता सिंह शामिल हुईं।

साथ ही ब्लॉक से वरिष्ठ कृषि अधिकारी, आत्मा परियोजना अधिकारी, एस.आर.एल.एम. ब्लॉक मैनेजर, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी की उपस्थिति रही। शुरुआत देवी सरस्वती की वंदना से हुई। स्थानीय मधुमक्खी पालकों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें मानव जीवन में मधुमक्खियों के महत्व को दर्शाया गया। साथ ही, पूर्व प्रशिक्षित किसानों ने अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम स्थल पर मधुमक्खी पालकों ने एक प्रदर्शनी भी लगाई, जिसमें मधुमक्खी के बक्से, शहद, मोम से बनी वस्तुएं और मधुमक्खी पालन के उपकरण के साथ जैविक कृषि उत्पाद शामिल थे, जो सभी स्थानीय स्तर के किसानो ने प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने सक्रिय मधुमक्खी बक्सों का प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया और किसानों को इस प्रोजेक्ट में अच्छा प्रदर्शन करने और इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम भरदागर ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया था, जिसमें 150 से अधिक किसान और स्थानीय जन-प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा मधुमक्खी पालन की आधुनिक तकनीक, बाजार से जुड़ाव और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

## एक नजर में

### राष्ट्रीय एकता को लेकर छात्राओं का नृत्य को स्थान प्राप्त हुआ अमिता बागंरे

**सिवनी।** बच्चों में संस्कृति एवं संस्कार को लेकर न केवल मार्गदर्शन जरूरी है बल्कि हम अपनी संस्कृति को अक्षुण बनाने के लिए एक जूट का कार्य करते हैं तो निश्चित ही हमें सफलता मिलती है स्वतंत्रता दिवस हमें इसी बात को लेकर प्रेरित करता है स्वतंत्रता के पास के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा अनेक आयोजन किए जाते हैं इसी के तहत शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्यशाला को भी इस बार अवसर प्राप्त हुआ यहां की छात्राओं ने प्रशिक्षकों के माध्यम से एवं शाला परिवार से जुड़ी हुई टीम ने जो कार्य किया है निश्चित ही उसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं राष्ट्रीय एकता पर आधारित जीत का सुंदर नृत्य कर छात्राओं ने साल का गौरव बढ़ाया इस कार्य में श्रीमती के सिंह मारे सहायक श्रीमती जय तिवारी प्रभारी एवं कविता राय सहायक के रूप में सहयोगी रही इसके अतिरिक्त श्री उपाध्याय एवं सुदामा साहू ने भी सभी प्रकार से अपना सहयोग प्रदान किया गया।

### समग्र शिक्षा अभियान के तहत अंग्रेजी विषय का दिया प्रशिक्षण



**सिवनी।** जिला शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र से संजीव राय के मार्गदर्शन में बताया गया कि यह प्रशिक्षण परीक्षा परिणाम को लेकर महत्वपूर्ण सभी शिक्षकों को इस बात का ध्यान रखना है कि आप शाला में बच्चों को सिर्फ परिणाम को लेकर ही अध्यापन ना कराये बल्कि उन्हें ऐसी शिक्षा दें जो उनके जीवन में मार्गदर्शन सुनिश्चित कर सके इस प्रशिक्षण में अनूप श्रीवास्तव एमएलबी केएल पी चौधरी एवं मयक परिहार उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी द्वारा भी मार्गदर्शन दिया गया इस दौरान बरघाट की केवलारी सिवनी की शाला से आए हुए शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया इस दौरान बाहर से आए हुए शिक्षकों के पूजन की व्यवस्था गुणवत्ता युक्त रही 21 अगस्त को विज्ञान विषय का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसके लिए विषय विशेषज्ञ के शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# भारतीय शैली कुश्ती संघ की बैठक 23 अगस्त को

**सिवनी नवभारत।** भारतीय शैली कुश्ती संघ की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 23 अगस्त रविवार को आयोजित की जा रही है। बैठक में कुश्ती खेल के विकास, संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी।

बैठक में भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश के महा सचिव अर्जुन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं भारतीय जिला कुश्ती संघ के मुख्य संरक्षक एवं जिला पंचायत सदस्य दुपेंद्र लकी अमूले की अध्यक्षता में बैठक संपन्न होगी।

आयोजकों के अनुसार बैठक का आयोजन होटल वीरा, बम्होड़ी (सिवनी एवं बरघाट के बीच) में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। बैठक में कुश्ती संघ से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रहेगी। बैठक के पश्चात उपस्थित सदस्यों के लिए भोजन की व्यवस्था भी रखी गई है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष अल्ताफ भाई एवं सचिव सागर जयसवाल ने जिले के सभी कुश्ती संघ सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर संगठन एवं कुश्ती खेल के विकास से जुड़े विषयों पर अपने सुझाव देने की अपील की है।

# रसायन शास्त्र एवं भौतिक शास्त्र विषय में व्याख्यान माला संपन्न

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 20 अगस्त, शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में रसायन शास्त्र विभाग में आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे के जीवन पर व्याख्यान माला तथा भौतिक शास्त्र से संबंधित अक्षय ऊर्जा विषय पर व्याख्यान माला का सफ्ल आयोजन गुरुवार 20 अगस्त को किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्य डॉ संगीता वाशिंगटन सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे। रसायन शास्त्र कार्यशाला में शासकीय एक्सीलेंस विद्यालय जुन्नारदेव के रसायन शास्त्र शिक्षक मनोज शर्मा द्वारा आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे के जीवन पर



प्रकाश डालते हुए रसायन शास्त्र विषय में उनके द्वारा दिए गए योगदान का बखान किया गया उन्होंने रसायन शास्त्र से जुड़ी अन्य बारीकियां को भी विद्यार्थियों के समक्ष रखा। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा भौतिक शास्त्र विषय के अंतर्गत अक्षय ऊर्जा पर भी अपने व्याख्यान दिए गए जिसमें उनके द्वारा पवन ऊर्जा सौर ऊर्जा सहित अन्य प्राकृतिक संसाधनों के माध्यम से अक्षय ऊर्जा की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में रसायन शास्त्र विभाग से डॉ डॉली बरहैया एवं डॉ ओम सिंह सिसोदिया का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर भौतिक शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ एसके शेण्डे द्वारा भी अक्षय ऊर्जा से जुड़ी हुई जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ संगीता वाशिंगटन द्वारा भी अक्षय ऊर्जा से संबंधित जानकारियां साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो आरडी वाडिवा, प्रो आरके चंदेल, डॉ रश्मि नागवंशी, डॉ रीना मेश्राम, प्रो मनोज मालवीय, डॉ प्रवीण बोबडे, प्रोफेसर मो आबिद, डॉ राहुल भारती, डॉ गुंजा माहोरे, खेल अधिकारी नीरज पाल, डॉ विजय ढडोरे, डॉ कैलाश गाकरे, राजेश माथनकर, सोनीराम ठाकरे, डॉ नारद सिंह यादव सहित महाविद्यालय स्टाफएवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्र उपस्थित थे।

## टीईटी की अनिवार्यता से छूट की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**सिवनी नवभारत।** राज्य शिक्षक संघ के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर वर्ष 1998 में नियुक्त शिक्षाकर्मी वर्ग-3 से पदोन्नत होकर वर्तमान में माध्यमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने की मांग की गई। संघ के जिला अध्यक्ष विपनेश जैन ने बताया कि इन शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति टीईटी अधिनियम लागू होने से पूर्व हुई थी तथा उन्होंने वर्षों की सेवा के बाद सहायक अध्यापक, अध्यापक एवं माध्यमिक शिक्षक के पदों पर पदोन्नति प्राप्त की है। ऐसे शिक्षकों को वर्तमान में प्राथमिक एवं माध्यमिक दोनों पदों के लिए पात्रता परीक्षा देने के लिए बाध्य करना न्यायसंगत नहीं है।


**-::न्यायालय तहसीलदार छिन्दवाड़ा नगर ::-**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं./ड.-154/2025-26
मौजा-छिन्दवाड़ा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक माधुरी पति मधुकर इधाते द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया कि उसके मारोती(ससुर) की मृत्यु दिनांक 15/7/1972 को हो चुकी है।मृत्यु विलम्बित आदेश प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विषय पर जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह व्यक्ति अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं या किसी अधिकृत अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता के उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत दिनांक 1-9-26 तक प्रस्तुत कर सकता है नियत दिनाँक पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/8/2026 को मेरे हस्ताक्षर मय न्यायालय की पदमुद्रा के जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**छिन्दवाड़ा नगर**

**-::न्यायालय तहसीलदार छिन्दवाड़ा नगर ::-**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं./ड.-154/2025-26
मौजा-छिन्दवाड़ा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक माधुरी इधाते/स्व.मधुकर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया कि उसके ससुर इठोबा की मृत्यु दिनांक 30/8/1990 को हो चुकी है। मृत्यु विलम्बित आदेश प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विषय पर जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह व्यक्ति अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं या किसी अधिकृत अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता के उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत दिनांक 1-9-26 तक प्रस्तुत कर सकता है नियत दिनाँक पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/9/2026 को मेरे हस्ताक्षर मय न्यायालय की पदमुद्रा के जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**छिन्दवाड़ा नगर**


# राजीव गांधी जयंती पर कांग्रेसजनों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**सुकतरा नवभारत।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुकतरा द्वारा ग्राम बादलपार स्थित चौहान ट्रेडर्स में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती एवं सद्भावना दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य तेजसिंह रघुवंशी के नेतृत्व में किया गया।



इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। उपस्थित वक्ताओं ने उनके जीवन, राजनीतिक योगदान एवं आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कुलदीप ककोडिया, सुनील राठौर, देवन मरावी, मूलचंद राठौर, दयालू मरकाम, भारतसिंह रघुवंशी, दिलीप चौहान, दयाराम भलावी, संजय पाल, दुर्गेश भलावी, भीम सिंह रघुवंशी, राजेन्द्र ककोडिया, शिवम उइके, शुभम चौहान, शिवलाल कोरचे, सुमरन रघुवंशी, नीलसिंह रघुवंशी, रविन्द्र सरयाम, कृपाराम गोनगे, वारे लाल परते, सूरज पवार, सुनील देशमुख, विपिन रजक, बलराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोक्ष कल्याणक : दीक्षार्थी ब्रह्मचारी भैया की भव गोद भराई संपन्न

**सिवनी नवभारत।** श्री दिगंबर जैन पंचायत कमेटी सिवनी के तत्वावधान में 19 अगस्त को दिगंबर जैन मंदिर में भगवान श्री 1008 पार्श्वनाथ जी का मोक्ष कल्याणक बड़े उत्साह एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य 108 चार्य शिरोमणि विशुद्ध सागर जी महाराज द्वारा दिल्ली में होने वाली पांच ब्रह्मचारी भैयाओं की जिनेश्वरी दीक्षा के पूर्व सिवनी जैन मंदिर में उनका स्वागत-अभिनंदन करते हुए तिलक एवं गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में समाज की पंचायत कमेटी, महिला मंडल, युवा मंडल एवं श्रावक-श्राविकाओं ने दीक्षार्थी ब्रह्मचारी भैयाओं की माला, शाल, दुपट्टा एवं मुकुट लगाकर गोद भराई की। ब्रह्मचारी अक्षय भैया के निर्देशन में ब्रह्मचारी अंकित भैया प्रतापगढ़, ब्रह्मचारी अनिकेत भैया (बंबई), यश भैया भिंड, ब्रह्मचारी प्रसन्न पाटनी औरंगाबाद सहित अन्य दीक्षार्थियों का अभिनंदन किया गया।

# पंचदिवसीय सवा लाख पार्थिव शिवलिंग रुद्री निर्माण एवं महारुद्राभिषेक संपन्न

**कान्हीवाड़ा नवभारत।** श्रीराधे गोविंद सेवा समिति फूटाताल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से बरघाट रोड स्थित फूटाताल एकता पार्क के समीप आयोजित पंचदिवसीय सवा लाख पार्थिव शिवलिंग रुद्री निर्माण एवं महारुद्राभिषेक धार्मिक आयोजन का गुरुवार को विधि-विधान एवं भक्तिमय वातावरण में भव्य समापन हुआ। 16 से 20 अगस्त तक चले इस पंचदिवसीय धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा सवा लाख पार्थिव शिवलिंग रुद्री का निर्माण किया गया। इसके पश्चात विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन एवं महारुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में



महाराज श्री दुर्गेश कृष्ण शास्त्री जी के मार्गदर्शन तथा आचार्य सोनू शर्मा जी महाराज द्वारा धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजन-विधि संपन्न कराई गई। पांचों दिनों तक कार्यक्रम स्थल पर भगवान शिव की भक्ति, मंत्रोच्चार और जयकारों से वातावरण शिवमय बना रहा।श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण में सहभागिता की और भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पंचदिवसीय आयोजन के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति श्रीराधे गोविंद सेवा समिति फूटाताल एवं समस्त ग्रामवासियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन सनातन संस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ नई पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।

**आयोजन** | सावन की हरियाली में सजा मंदिर परिसर, महिलाओं ने विधि-विधान से की पूजा-अर्चना और मनाया तीज उत्सव

# मातादिवाला खैरमाई मंदिर कान्हीवाडा में महिला मंडल ने मनाई हरियाली तीज

**कान्हीवाडा नवभारत।** सावन माह के पावन अवसर पर श्री माता दिवाला खैरमाई मंदिर महिला मंडल के तत्वावधान में हरियाली तीज का कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मंडल की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर हरियाली तीज के रंग में सजा नजर आया और महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचकर उत्सव की रौनक बढ़ाई। हरियाली तीज के अवसर पर महिला मंडल की सदस्यों ने भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाओं ने



पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ तीज पर्व मनाते हुए एक-दूसरे को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति एवं उत्साह का वातावरण बना रहा। महिलाओं ने सावन और तीज से जुड़े पारंपरिक गीतों का आनंद लिया तथा सामूहिक रूप से पर्व की खुशियां साझा कीं। कई महिलाओं ने हरे रंग की साड़ियां और पारंपरिक आभूषण धारण किए, जिससे कार्यक्रम स्थल पर हरियाली तीज की विशेष छटा देखने को मिली। महिला मंडल द्वारा आयोजित इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ महिलाओं को एकजुट कर भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं तीज पर्व की धार्मिक महत्ता को जीवंत बनाए रखना रहा। कार्यक्रम में महिलाओं ने आपसी मेल-जोल और सौहार्द के साथ पर्व मनाया। आयोजन के अंत में महिला मंडल की ओर से सभी उपस्थित महिलाओं एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। हरियाली तीज का यह आयोजन श्रद्धा, संस्कृति और महिला एकता का सुंदर संगम बनकर संपन्न हुआ।

## आईसीआईसीआई बैंक में नौकरी का मौका, 24 अगस्त को डीपीसी कॉलेज में कैंपस भर्ती

**सिवनी नवभारत।** जिले के युवाओं के लिए बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार का अवसर सामने आया है। डी.पी. चतुर्वेदी साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स एवं शिक्षा महाविद्यालय में 24 अगस्त को आईसीआईसीआई बैंक द्वारा रिलेशनशिप मैनेजर पद के लिए कैंपस भर्ती आयोजित की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को 3 .12 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज प्रदान किया जाएगा। भर्ती में बी.कॉम, बी.ए. एवं बी.एससी. से स्नातक अथवा स्नातकोत्तर अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी के न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। आयु सीमा 21 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है। फ्रेशर्स के साथ 12 माह से कम कार्य अनुभव वाले अभ्यर्थी भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। अभ्यर्थियों के लिए अच्छी अंग्रेजी संचार क्षमता आवश्यक बताई गई है। भर्ती के माध्यम से आईसीआईसीआई बैंक में प्रत्यक्ष रोजगार का अवसर दिया जाएगा। खास बात यह है कि भर्ती प्रक्रिया के लिए किसी प्रकार का आवेदन शुल्क अथवा प्रशिक्षण शुल्क नहीं लिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को हृद्धृश्च में 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। चयनित युवाओं को मध्यप्रदेश के भीतर आवश्यकता के अनुसार स्थानांतरण के लिए भी तैयार रहना होगा। भर्ती स्थल- डी.पी. चतुर्वेदी कॉलेज,24 अगस्त को 10 .30 बजे महाविद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य ने सिवनी जिले के इच्छुक अभ्यर्थियों से आवश्यक दस्तावेज लेकर उपस्थित होने की अपील की है।


**यूको बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) आपका विश्वसनीय बैंक
**UCO BANK** (A Govt. of India undertaking) Honours Your Trust

**ई-नीलामी बिक्री की सार्वजनिक सूचना**
**(चल / अचल संपत्ति के लिए)**

**(सिक्युरिटाईझेशन एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनैन्शियल ॲसेट्स ॲन्ड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट (सरफेसी) ॲक्ट 2002 के संदर्भ में)**

जबकि बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना (डिमांड नोटिस) जारी की गई थी तथा तत्पश्चात SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत बैंक के पक्ष में बंधक रखी गई संपत्तियों का कब्ज़ा लिया गया है। अधोहस्ताक्षरी, प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, निम्नलिखित अचल संपत्तियों को सार्वजनिक ई-नीलामी (E-Auction) के माध्यम से विक्रय करने का निर्णय लेता/लेती है तथा इच्छुक खरीदारों से नीचे उल्लिखित अचल संपत्तियों के क्रय हेतु बोली आमंत्रित करता/करती है। उक्त संपत्तियाँ "जैसी है जहाँ है" (AS IS WHERE IS) एवं "जैसी है वैसी ही" (AS IS WHAT IS) आधार पर विक्रय की जाएंगी।

**संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय: 01.09.2026 से 10.09.2026 तक, प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर)**
**ईएमडी (EMD) एवं दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 11.09.2026 सायं 4:00 बजे तक**

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय: 11.09.2026 को दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक**

| अ. क्र. | उधारकर्ता / जमानतकर्ता का नाम एवं पता | ए) मांग सूचना (डिमांड नोटिस) की तिथि बी) सूचना के अनुसार देय राशि सी) कब्ज़ा लेने की तिथि डी) वर्तमान बकाया देय राशि | ए) आरक्षित मूल्य बी) ईएमडी राशि सी) बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | **उधारकर्ता : मेसर्स. सिया पॅक एन सील** **भागीदार: मनिष ज्ञानेश्वर हिवसे आणि श्रीमती. योगीता मनिष हिवसे** **शाखा: वर्धा रोड** **ईमेल आयडी** : wardha@ucobank.co.in **संपर्क व्यक्ती: मिलींद ए. वानखेडे** **संपर्क क्रमांक:** 9975591619 | ए) 23.07.2025 बी) रु. 3,66,99,495.95/- सी) 07.10.2025 (सांकेतिक) डी) रु. 3,62,63,317.95/- + लागू न किया गया ब्याज और अन्य शुल्क | ए) रु. 142.27 लाख बी) रु. 14.22 लाख सी) रु. 10000 |
| | **(सांकेतिक कब्जा)** संपत्ति का विवरण: सभी भाग और टुकड़ा MPIDC लीजहोल्ड प्लॉट नंबर-55 वाली ज़मीन का पूरा टुकड़ा, जिसका प्लॉट एरिया 21528.00 वर्ग फुट (यानी 2000.00 वर्ग मीटर), उस पर बनी फैक्ट्री शेड, जिसका बिल्ट-अप एरिया 7308.779 वर्ग फुट (यानी 679.002 वर्ग मीटर), टॉयलेट ब्लॉक-80 वर्ग फुट (यानी 7.40 वर्ग मीटर), लेबर क्वार्टर-560.00 वर्ग फुट (यानी 52.02 वर्ग मीटर)सफ़ल फ़ूड इंडस्ट्री के पीछे, बोरगाँव, इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर, छिंदवाड़ा रोड, खैरितायगाँव, सौसर, छिंदवाड़ा में स्थित, ग्राम पंचायत खैरितायगाँव, तहसील-सौसर, जिला-छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश की सीमाओं के भीतर संपत्ति के मालिक: **मेसर्स सिया पॅक एन सील अधिकृत भागीदार: 1. योगिता मनीष हिवासे 2. मनीष ज्ञानेश्वर हिवासे** | | |
| | प्लांट और मशीनरी: 1. 63 T न्यूमेटिक प्रेस जिसमें बिल्ट-इन PLC और टच स्क्रीन , 5 HP मोटर के साथ, बिल्ट-इन कंट्रोल पैनल के साथ, वर्ष 2023 45 T न्यूमेटिक प्रेस जिसमें बिल्ट-इन PLC और टच स्क्रीन, 5 HP मोटर के साथ, बिल्ट-इन कंट्रोल पैनल के साथ 2. कैविटी मोल्ड- 750 ML-2, 660ML-2, 450ML-4, 250ML-2 3.43 और 63 T प्रेस के लिए ऑटो टेंशन कंट्रोलर वाला फीडर 43 और 63 T प्रेस के लिए कन्वेयर टेबल 43 और 63 T प्रेस के लिए स्क्रैप कलेक्टर 4. कंप्रेसर, ड्रायर, स्लिटिंग मशीन, कोटिंग मशीन, सरफेस ग्राइंडर, फिल्म प्लांट (मिनी), पावर प्रेस छोटा 5. लैमिनेशन और रोटो ग्रेव्योर 04 कलर प्रिंटिंग मशीन अलग-अलग साइज़ के मोल्ड | | ए) रु. 103.22 लाख बी) रु. 10.32 लाख सी) रु. 10000 |

**नियम एवं शर्तें : 1.** प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं विश्वास के अनुसार, उक्त संपत्ति पर कोई भार (एन्कम्ब्रेंस) नहीं है तथा वैधानिक देयताएँ (यदि कोई हों) ज्ञात नहीं हैं। तथापि, इच्छुक बोलीदाताओं को संपत्ति पर किसी भी प्रकार के भार, स्वामित्व (टाइटल) आदि के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जाँच करने तथा संपत्ति का निरीक्षण कर स्वयं संतुष्ट होने की सलाह दी जाती है। **2.** सरकार/स्थानीय निकाय को देय वैधानिक कर, शुल्क अथवा अन्य देयताएँ (यदि कोई हों) ज्ञात नहीं हैं एवं यदि कोई देयता पाई जाती है तो वह सफल बोलीदाता द्वारा वहन की जाएगी। **3.** यदि केवल एक ही बोलीदाता हो, तो बोली प्रपत्र में उद्धृत बोली राशि को न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य (Bid Incremental Value) से बढ़ाना अनिवार्य होगा, अन्यथा विक्रय निरस्त अथवा स्थगित किया जा सकता है। **4.** सफल बोलीदाता को विक्रय की तिथि को या अधिकतम अगले कार्य दिवस तक बोली राशि का 25% जमा करना अनिवार्य होगा। **5.** शेष 75% बोली राशि विक्रय की पुष्टि की तिथि से 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर जमा करनी होगी। **6.** यदि सफल बोलीदाता निर्धारित तिथियों तक देय राशि जमा करने में असफल रहता है, तो विक्रय निरस्त कर दिया जाएगा तथा इस बोली से संबंधित सफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई समस्त राशि जब्त कर ली जाएगी। **7.** संपत्ति के पंजीकरण हेतु कानून के अनुसार देय समस्त शुल्क/फीस का वहन सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। **8.** यदि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल बोलीदाता को विक्रय पुष्टि पत्र जारी किए जाने से पूर्व, उधारकर्ता बैंक को संविदात्मक देय राशि एवं अन्य खर्चों सहित भुगतान कर देता है, तो विक्रय की पुष्टि नहीं की जाएगी। ऐसे में बैंक सफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई समस्त राशि बिना किसी ब्याज के वापस कर देगा। **9.** वे इच्छुक बोलीदाता जिन्हें लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली दस्तावेज़ जमा करने, प्रशिक्षण/डेमो, ऑनलाइन इंटर-सी बोली प्रक्रिया की नियम एवं शर्तों आदि में सहायता की आवश्यकता हो, वे वेबसाइट https://BAANKNET.com पर जा सकते हैं। संपत्ति से संबंधित किसी भी जानकारी हेतु ऊपर दी गई तालिका अनुसार संपर्क किया जा सकता है। **10.** इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों की सहायता हेतु बैंक ने अपने शाखा कार्यालय को सुविधा केंद्र (Facilitation Centre) के रूप में नामित किया है। **11.** यदि संपत्ति का मूल्य 50 लाख रुपये से अधिक है, तो सफल बोलीदाता को 1% टीडीएस वहन करना होगा। यह सूचना उधारकर्ता एवं जमानतकर्ता को नियम 9(1), सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत 15 दिवस की वैधानिक विक्रय सूचना के रूप में भी मानी जाएगी। **12.** संभावित खरीदार संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट https://BAANKNET.com पर विज़िट कर सकते हैं।

**तारीख : 21.08.2026, स्थान : नागपुर** **अधिकृत अधिकारी, युको बैंक**